छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जनवरी-फरवरी 2015 ▪ वर्ष-11









स्वच्छ भारत


एक कदम स्वच्छता की ओर

छ.ग. विद्युत कं. मर्या. की गृह पत्रिका


संकल्प

जनवरी-फरवरी 2015 ▪ वर्ष-11









**संरक्षक**

▪ **श्री शिवराज सिंह**
अध्यक्ष

▪ **श्री सुबोध सिंह**
प्रबंध निदेशक (वितरण / ट्रेडिंग कं. मर्या.)

▪ **श्री विजय सिंह**
प्रबंध निदेशक (पारेषण कं. मर्या.)

▪ **श्री शशिभूषण अग्रवाल**
प्रबंध निदेशक (उत्पा. कं. मर्या.)

▪ **श्री अनूप कुमार गर्ग**
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग कं. मर्या.)

▪ **श्री शारदा सिंह**
कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)

▪ **श्री अजय श्रीवास्तव**
अति. महाप्रबंधक (मा.सं.)

**संपादक**

▪ **श्री विजय कुमार मिश्रा**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)

**सहयोग**

▪ **श्री जाबिर मोहम्मद कुरैशी**

**छायाकार**


▪ **श्री संजय टेम्बे**

**पता :**
**संपादक : संकल्प**
उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कं. मर्या.
डंगनिया रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com

# छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी मर्यादित

## प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | फरवरी 2015 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2286 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 2424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 90 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 10534 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 919 नग |
| 33 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 17815 सर्किट कि.मी. |
| 11/04 के.व्ही. उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 106241 नग |
| 11 के.व्ही. लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 86256 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 152483 कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित | 94 एमव्हीएआर | 935 एमव्हीएआर |
| कुल आबाद ग्रामों की संख्या (जनगणना 2011 के अनुसार) | --- | 19567 |
| विद्युतीकृत ग्रामों की संख्या | 17258 | 18619 |
| विद्युतीकरण का प्रतिशत | 91.00 | 93.14 |
| विद्युतीकृत मजराटोलो की संख्या | 10375 | 25148 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या | 72400 | 360263 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या | 630389 | 1604433 |



# बॉस क्यूं नहीं डालता घास?

जमाना वॉट्सअप, फेसबुक और ट्विटर का है। सुबह की शुरुआत से देर रात तक इनके माध्यम से संदेश, समाचार, हास-परिहास सहित विविध घटनाओं की जानकारियों का आदान-प्रदान निरन्तर चलते रहता है। इसी सिलसिला के बीच एक संदेश प्राप्त हुआ।

दो घोड़ों के बीच बातचीत हो रही है। पहला घोड़ा दूसरे घोड़े से कह रहा है कि मेरा बॉस मुझे घास नहीं डालता। प्रत्युत्तर में दूसरा घोड़ा चेहरे में संतोष एवं खुशी का भाव प्रकट करते हुये बताता है कि मेरा बॉस मुझे यथासमय पर्याप्त घास डालता है। अनेक अवसर ऐसे आते है जब मुझे अपने हाथों से वह घास खिलाता भी है। इसका असली कारण जो मुझे नजर आता है, वह यही है कि बॉस से मिले हर दायित्व का निर्वहन मैं सफलतापूर्वक करता हूं। बिना आलस्य और लापरवाही के जिस दिन यथासमय उसे गंतव्य तक पहुंचा देता हूं, उस दिन न केवल अपने हाथों से बॉस मुझे घास खिलाता है बल्कि पीठ थपथपाते हुये यह भी कहता है कि तुम मेरी पहली जरूरत हो।

पहला घोड़ा इतना सुनते ही बोल पड़ता है - मेरा बॉस मुझे घास क्यों नही डालता, मैं समझ गया। धन्यवाद! चलता हूं मेरे बॉस के पास ऐसे बहुत से काम है जो मेरे बिना अधूरे है।

ऐसी स्थितियां आजकल ज्यादातर सरकारी संस्थानों में देखने, सुनने को मिल रही हैं। पहले घोड़े की तरह अपने बॉस के प्रति अनेक लोग मन में असंतोष पाले हुये है। ऐसे लोग कार्यस्थल से परे बॉस की शिकायत की पोटली लिये यहां- वहां भटकते-फिरते दिखाई देते हैं। अपनी गलती से अनजान बने ऐसे ही लोगों के लिए कहा गया है कि ''दुनिया में सब चीजें मिल जाती है केवल अपनी गलती ही नहीं मिलती।'' जिन्हें अपनी गलती नहीं मिलती अथवा दिखाई नहीं देती, ऐसे ही लोगों को परामर्श देते हुये विद्वजन कहते है कि दुनिया में जितने भी लोग शीर्ष पर पहुंचे है उन्होंने अपनी गलतियों को स्वीकारा है और भविष्य में उसका दोहराव न करते हुये हरेक कार्य को ''त्रुटिरहित'' संपन्न किया है।

दूसरों की शिकायत, आलोचना करते हुये बात-बात में दूसरों की कमियों की तलाश में रत व्यक्ति कभी श्रेष्ठता को अर्जित नहीं कर सकता। मन लगाकर काम करने के बजाय सदैव दूसरों की कमियों पर नजर गड़ाये ऐसे लोग अपने भीतर एक ही भावना पाले रखते है कि ''मैं ही अच्छा काम क्यों करूं।'' जाने-अनजाने ऐसी विकृत सोच को आदत बना लेने वालों की पहचान बड़ी जल्दी हो जाती है तब बॉस उन्हें घास डालना छोड़ देता है। किसी भी क्षेत्र में सबसे आगे यह कहे टॉप पर पहुंचे लोगों ने बेहतरीन कार्य-संस्कृति को ही अपनाया है। ऐसे लोगों की तरक्की के राज को उजागर करती है, ये पंक्तियां - इत्र से कपड़ों को महकाना कला नहीं है, मजा तो तब है जब खुशबू आपके किरदार से आए।

बॉस का दर्जा हमेशा खास होता है। इससे सहज कल्पना की जा सकती है कि बॉस बने व्यक्ति में ऐसी खास विशेषता होती है जिसके बल पर वह बॉस की कुर्सी पर काबिज होता है। सेवायात्रा में वरिष्ठता, दीर्घ अनुभव, उच्च शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी ज्ञान, नेतृत्व क्षमता, प्रतिकूल परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की काबीलियत, जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन जैसी विशेषताएं बॉस को खास बनाती है।

कार्यालयीन कार्यों में कोताही, नित नये बहानेबाजी से क्षणिक सुख तो प्राप्त किया जा सकता है परन्तु इसके दूरगामी परिणाम सदैव कड़वे फल के रूप में ही प्राप्त होते है। सेवायात्रा में निज स्वार्थ और संकीर्ण सोच ''स्पीडब्रेकर'' की भांति कार्य करते हैं। इनसे परे रहने वाले कर्मी ही बॉस की पहली जरूरत बनते हैं, अतः स्वहित सहित संस्थान की प्रगति हेतु अच्छी सोच को दिलो-दिमाग में बनाये रखने की नितान्त आवश्यकता है। सेवायात्रा में बॉस की तरह खास बनने के लिए ध्यान रखना होगा।

*टूटी कलम और दूसरों के प्रति जलन, खुद का भाग्य लिखने नहीं देती।*
*पैर की मोच और छोटी सोच, किसी को कभी आगे बढ़ने नहीं देती।*

विजय मिश्रा

कार्यालयीन कार्यों में कोताही, नित नये बहानेबाजी से क्षणिक सुख तो प्राप्त किया जा सकता है परन्तु इसके दूरगामी परिणाम सदैव कड़वे फल के रूप में ही प्राप्त होते है। सेवायात्रा में निज स्वार्थ और संकीर्ण सोच ``स्पीडब्रेकर`` की भांति कार्य करते है।

# एमडी श्री सुबोध सिंह की विदाई एवं श्री आनंद का स्वागत



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध कुमार सिंह की विदाई एवं नवपदस्थ प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पॉवर कंपनीज अध्यक्ष श्री शिवराज सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विद्युत अधोसंरचना से लेकर उपभोक्ता सेवा हेतु नवीनतम तकनीकी का अत्यधिक उपयोग हो रहा है, फलस्वरूप गांव-गांव, घर-घर बिजली पहुंची है और घर बैठे बिजली की गति से कार्यों का संपादन हो रहा है। श्री सुबोध सिंह ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किये हैं और लक्ष्य के अनुरूप परिणाम को सदैव अर्जित किया है। उनके कार्य सभी कर्मियों सहित नवागत एमडी श्री आनंद के लिए प्रेरणादायी और सुपरिणाम देने में निश्चित रूप से सहायक होंगे।

इस अवसर पर विदा लेते एमडी श्री सुबोध सिंह ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में सदैव चुनौतियाँ होती है, किन्तु छत्तीसगढ़ देश का ऐसा राज्य है जिसने अधिकांश चुनौतियों को पार कर लिया है। भविष्य में भी छत्तीसगढ़ भरपूर बिजलीयुक्त राज्य बना रहेगा और हरेक क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बिजली उपलब्ध रहेगी। इसी क्रम में नवपदस्थ प्रबंध निदेशक श्री आनंद ने विद्युत विकास को टीमवर्क के साथ और तेजी से आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यपालक निदेशक श्री एच.आर. नरवरे ने विदा लेते एमडी श्री सिंह के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुये बताया कि साढ़े चार वर्षीय कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को विद्युत विकास के मामलें में राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिली तथा छत्तीसगढ़ को जीरो पॉवर कट स्टेट बनाये रखने में आपकी विशेष भूमिका रही। प्रबंध निदेशक होल्डिंग श्री अनूप गर्ग एवं कार्यपालक निदेशक सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, अजय दुबे, आर.के. मेहता, आई.एन. केथवास, शारदा सिंह, ओ.पी. खण्डेलवाल आदि ने अपनी शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# श्री अंकित आनंद द्वारा पॉवर वितरण कंपनी के एमडी का पदभार ग्रहण




**छत्तीसगढ़ राज्य शासन के जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक का पदभार श्री अंकित आनंद (आईएएस) ने 03 मार्च 2015 को ग्रहण किया।**

अब तक श्री आनंद बस्तर में कलेक्टर के पद पर सेवारत थे। नवपदस्थ प्रबंध निदेशक श्री आनंद को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में उच्चाधिकारियों सहित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। विदित हो कि छग शासन के सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह प्रबंध निदेशक वितरण के पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री आनंद ने अपनी नई पदस्थापना के लिए राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप प्रदेश को जीरो पावरकट स्टेट बनाए हुए सतत विकास की ओर ले जाना और बिजली के मामले में छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रदेश में चौबीस घंटा बिजली की निर्बाध आपूर्ति करना पॉवर वितरण कंपनी के लिए सदैव एक चुनौती भरा कार्य होता है। मुझे विश्वास है कि टीमवर्क के बूते हम भविष्य में भी इसे अवश्य बनाये रखेंगे।

### श्री अंकित आनंद का जीवन परिचय

वितरण कंपनी के नवपदस्थ प्रबंध निदेशक श्री अंकित आनंद का जन्म 11 नवम्बर 1983 को पटना में हुआ। अपनी माता श्रीमती सुधा सिन्हा एवं पिता श्री संजय कुमार सिन्हा से सुसंस्कार सहित अनवरत आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा आपको मिली। आपने सेंट्रल स्कूल पटना से हायर सेकंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर आई.आई.टी कानपुर से बी. टेक (कंप्यूटर) की डिग्री प्रथम श्रेणी में प्राप्त की। आगे वर्ष 2006 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस) के लिये चयनित हुये। चयनोपरांत 29 अगस्त 2006 से 07 अप्रैल 2007 तक आपने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के पश्चात अस्सिटेंट कलेक्टर के पद पर साऊथ बस्तर (दंतेवाड़ा) में आपने 07 अप्रैल 2007 से 25 जुलाई 2009 तक अपनी सेवायें दी। सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुये सी.ई.ओ. के पद पर आप 25 जुलाई 2009 से 29 सितम्बर 2010 तक बस्तर-कांकेर में तथा 29 सितम्बर 10 से 17 जून 2011 तक रायपुर के जिला पंचायत में पदस्थ रहे। इन पदों पर अपनी कार्यकुशलता को प्रदर्शित करते हुये आगे 18 जून 2011 से 28 मई 2013 तक जशपुर में एवं 28 मई 2013 से 22 फरवरी 2015 तक बस्तर में आपने कलेक्टर के पद पर सफलतापूर्वक सेवायें दी। आपकी अभिरूचि अध्ययन में है। किसी भी क्षेत्र में सफलता का मूलमंत्र आप टीमवर्क की भावना को मानते हैं।

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न



**छत्तीसगढ़** राज्य पॉवर कम्पनी मुख्यालय के गणतंत्र दिवस समारोह में पॉवर कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध कुमार सिंह, ने देश के बलिदानी सपूतों को नमन करते हुये ध्वजारोहण किया। समारोह में प्रबंध निदेशक सर्वश्री विजय सिंह, शशिभूषण अग्रवाल, अनूप गर्ग सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये श्री सुबोध सिंह ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ के विद्युत विकास की सर्वत्र सराहना हो रही है। प्रदेश में उपभोक्ता सेवा सुविधा में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। उपभोक्ताओं तक नई नई सेवा सुविधाओं की अद्यतन जानकारी समय पर पहुंचाने तथा फीडबैक प्राप्त करने वितरण कंपनी ने फेसबुक, ट्वीटर, व्हॉट्स एप आदि सोशल मीडिया का आरंभ किया है।

आगे श्री सिंह ने कहा कि देशभर के स्टेट सेक्टर में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी का नाम अधिकतम विद्युत उत्पादन के मामले में द्वितीय स्थान पर दर्ज हुआ है। प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के साथ ही पारेषण प्रणाली को उन्नत एवं विस्तारित करने से पारेषण क्षमता 5576 मेगावाट हो गई है। पारेषण क्षेत्र में किये जा रहे नवीनतम तकनीकी को अमल में लाया जा रहा है इसका एक बड़ा उदाहरण रायपुर के रावणभाठा में निर्माणाधीन गैस आधारित 132 केव्ही उपकेन्द्र है। प्रदेश में पहली बार गैस आधारित अतिउच्चदाब उपकेन्द्र का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सुविधा बढ़ाने सूचना प्रोद्योगिकी को तेजी से अमल में लाया गया है। प्रदेश में पहली बार ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन, स्मार्ट मोबाईल फोन से विद्युत देयक का भुगतान, मोबाईल शार्टकोड सेवा आरंभ की गई है। इसके अलावा चौबीस घण्टे विद्युत शिकायत दर्ज करने केन्द्रीकृत कॉल सेंटर की स्थापना कर 1912 नंबर आरंभ किया गया। जहां प्रदेश की भाषा का सम्मान रखते हुये छत्तीसगढ़ी में भी शिकायत दर्ज करने की अनूठी पहल की गई है। ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिए उन्होंने कर्मठ अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी। समारोह में मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री सी.एस. ठाकुर, परेड कमांडर श्री टी.डी. मोहरे, श्री आर.के. साहू सहित श्री ताराचंद बेन के नेतृत्व में बैण्ड दल ने मार्चपास्ट एवं परेड की प्रभावी प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन डॉ. हेमंत सचदेवा ने तथा समारोह का आंखो देखा हाल उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

## न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुवर हेतु रायपुर शहर संभाग पश्चिम पुरस्कृत




छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदेशभर में ट्रांसफार्मर फेलुवर की दर को कम करने अनेक कारगर कदम उठाये गये हैं। इन्हें साकार करते हुये रायपुर शहर संभाग पश्चिम ने न्यूनतम ट्रांसफार्मर फेलुवर का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। इसका आंकलन करते हुये कंपनी प्रबंधन द्वारा गणतंत्र दिवस पर रायपुर शहर संभाग पश्चिम को रुपए 50 हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार कार्यपालन अभियंता श्री व्ही.ए. देशमुख ने ग्रहण किया। उन्हें उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल ने पुरस्कार प्रदान कर बधाई दी एवं शहर संभाग पश्चिम में सेवारत सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के टीमवर्क की सराहना की।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 30 जनवरी 15 को किया गया। सभा में पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग की प्रमुखता में पारेषण, उत्पादन, वितरण, ट्रेडिंग एवं होल्डिंग कंपनी के अधिकारियों / कर्मचारियों ने देश के अमर शहीदों का स्मरण कर सादर नमन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते हुये इस अवसर पर विद्युत कर्मियों ने दो मिनट मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के संयोजक उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) श्री जी. खण्डेलवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के बलिदानी सपूतों के जीवनगाथा पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

# पॉवर कंपनी के आईटी विभाग को मिला आई.एस.ओ. अवार्ड



**छत्तीसगढ़** राज्य विद्युत वितरण कंपनी के इंफॉरमेशन टेक्नॉलाजी विभाग (ईआईटीसी) को ''आई.एस.ओ. 27001:2013'' अवार्ड से अलंकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। अंतर्राष्ट्रीय संस्थान इंटरटेक (यूनाईटेड किंगडम) द्वारा वितरण कंपनी के डाटा सेंटर, डिजास्टर रिकव्हरी सेंटर और केन्द्रीकृत कॉल सेंटर को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु इस अवार्ड के लिए चयनित किया गया। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसकी विद्युत वितरण कंपनी के इन्फरमेशन टेक्नॉलाजी विभाग को ''आई.एस.ओ. 27001:2013'' का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।


वितरण कंपनी के इंफॉरमेशन टेक्नालाजी विभाग को राष्ट्रीयस्तर पर श्रेष्ठता का दर्जा मिलने का श्रेय प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह ने अधिकारियों/कर्मचारियों की उत्कृष्ट कार्यदक्षता को दिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सेवा-सुविधा में वृद्धि हेतु वितरण कंपनी द्वारा अत्याधुनिक तकनीकीयुक्त प्रणालियों की स्थापना की गई है। जिसमें कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन डंगनिया में स्थापित डाटा सेंटर, केन्द्रीकृत काल सेंटर तथा तिफरा बिलासपुर में स्थापित डिजास्टर रिकव्हरी सेंटर में प्रयुक्त उन्नत सूचना प्रणाली का आंकलन कर इंटरटेक द्वारा आईएसओ अवार्ड प्रदान किया गया। वितरण कंपनी द्वारा अत्याधुनिक ''सैप प्रणाली'' के माध्यम से कार्य संपादन किया जाता है, जिससे न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ ही कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता होती है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के अलावा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में संचालित कंपनी के वितरण केन्द्रों (डीसी) को भी ऐसे नेटवर्क से जोड़ा गया है। फलतः ऐसी अत्याधुनिक सेवाओं का लाभ ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं को देने के मामले में छत्तीसगढ़ देश का अव्वल राज्य बन गया है। अत्याधुनिक एवं उच्च तकनीक युक्त डाटा सेन्टर में सभी विद्युत कंपनियों के कम्प्यूटरीकरण से संबंधित विभिन्न कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। डाटा सेन्टर की स्थापित स्टोरेज क्षमता 110 टेराबाईट और सर्वर संख्या 132 है। इसे वितरण केन्द्र एवं जोन कार्यालय तक जोड़ा गया है। नेटवर्क कनेक्टिविटी से अब विडियो कान्फ्रेंसिंग, आईपी फोन, पैच प्रबंधन, एनटी वाइरस, ईमेल, इंटरनेट जैसी एप्लीकेशन्स/सुविधायें उपलब्ध हो गई है। बिलासपुर शहर में स्थित स्टेट ऑफ आर्ट डिजास्टर रिकव्हरी सेन्टर में संपूर्ण डाटा बैकअप उपलब्ध रहता है, जो आपदा की स्थिति में डाटा सेन्टर की अनुपलब्धता होने पर अपलोड करके विद्युत कंपनियों का कार्य न्यूनतम समय में निर्बाध रूप से पुनः चालू किया जा सकता है। वर्तमान में कंपनी के ईआईटीसी विभाग के मुख्य अभियंता श्री अशोक कुमार हैं। जिनके नेतृत्व में प्रदेशभर की विद्युत प्रणाली को उन्नत कर संचार क्रांति से जोड़ने का सफल प्रयास किया गया है। उपभोक्ताओं की सेवा-सुविधा में अभूतपूर्व प्रगति परिलक्षित हो रही है।

# न्यूनतम लाईन लॉस हेतु शहर संभाग दक्षिण रायपुर पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा न्यूनतम लाईन लॉस का कीर्तिमान स्थापित करने वाले संभाग का चयन कर प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2015 में इस पुरस्कार का हकदार रायपुर शहर संभाग दक्षिण बना। ऐसी उत्कृष्ट कार्य निष्पत्ति के लिए देय रुपए 50 हजार का पुरस्कार दक्षिण संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री संजय जैन को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह ने देते हुए भविष्य में भी इस स्तर को बनाए रखने का आव्हान किया। साथ ही दक्षिण संभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी।

# उत्कृष्ट कार्यों के लिये 12 अधिकारी-कर्मचारी पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनी द्वारा प्रदेश के विद्युत विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृतजनों में श्री मनोज कुमार ठाकुर को ट्रांसफार्मरों-लाईनों का रखरखाव, श्री ओमप्रकाश प्रधान को एच.पी.कनेक्शनों में टी.ओ.डी. एवं मॉडम स्थापना कार्य, श्री ललित सिंह टेकाम को कोन्टा के दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित इलाके में सतत् विद्युत आपूर्ति करने, श्री श्याम करण मालवीय को ब्रेक डाउन को विपरीत परिस्थितियों में दुरूस्त करने तथा श्री एच.एन.कोसरिया को सीमित संसाधनो के साथ संयंत्र का संधारण कार्य, श्री प्रदीप कुमार तिवारी को पारेषण लाईनों के निर्माण कार्य, श्री एम. रामास्वामी को 132 केव्ही उपकेन्द्र जगदलपुर के सर्किट ब्रेकर स्ट्रक्चर कार्य हेतु प्रत्येक को रुपए 2000/- नकद, प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा श्री के.व्ही.एस.राव, को वितरण-पॉवर ट्रांसफार्मर एवं अन्य स्क्रप सामग्री का विक्रय करने, श्रीमती प्रगति ओक, को स्थापना संबंधी कार्य, श्री बसंत सिंह, को सूचना प्रौद्योगिकी के उन्नयन, श्री सुंदर लाल विश्वकर्मा को आवक-जावक एवं अन्य सौंपे गये कार्यों का निष्ठापूर्वक संपादन करने तथा श्री प्रमोद कुमार गढ़ेवाल, को 132 केव्ही उपकेन्द्र गरियाबंद का निर्माण करने संबंधी कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पदक से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।

# हसदेव ताप विद्युत गृह का संयंत्र क्रमांक एक सर्वश्रेष्ठ विद्युत गृह घोषित



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिये उत्कृष्ट कार्य निष्पत्ति के आधार पर हसदेव ताप विद्युत गृह के पावर हाउस क्रमांक एक को सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह घोषित किया है। यह उपलब्धि श्री ओ.सी.कपिला, कार्यपालक निदेशक के कुशल मार्गदर्शन में यहां सेवारत अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्कृष्ट कार्यकुशलता को प्रदर्शित करते हुये प्राप्त किया। इस पुरस्कार को श्री एन.के.बिजोरा अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं कारखाना प्रबंधक ने कम्पनी मुख्यालय रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रबंध निदेशक सुबोध सिंह से प्राप्त किया। इस पुरस्कार के तहत् संयंत्र को रुपए 3 लाख का चेक एवं ट्राफी प्राप्त हुई है। संयंत्र एक की इकाई क्रमांक एक ने हसदेव ताप विद्युत गृह के कीर्तिमान स्थापित करने में सदैव अपनी अहम भूमिका निभाई है। इस वित्तीय वर्ष में भी इस इकाई ने 140 दिन 20 घन्टे सतत् विद्युत उत्पादन कर अपने स्थापना काल से अभी तक का सर्वाधिक सतत् विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया है।

# विद्युत पारेषण कंपनी द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिभाओं का सम्मान



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के उत्कृष्ट अधिकारियों/कर्मचारियों को कंपनी मुख्यालय स्थित भार प्रेषण केन्द्र के सभाकक्ष में सम्मानित किया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विजय सिंह ने सम्मान समारोह में रुपए 2000/- नकद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सम्मानित कर्मियों सर्वश्री धनेश कुमार देवांगन (सहायक अभियंता), अनुराग शर्मा (सहायक अभियंता), देवी प्रसाद कुम्भज (परी.पर्यवेक्षक श्रेणी-2), रघुबर (लाईन सहायक श्रेणी-2) एवं दासरी रामू (लाईन परीचारक श्रेणी-2) के कार्यों की प्रशंसा करते हुये इसे अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणादायी एवं संस्था के विकास में बहुमूल्य निरूपित किया। परेषण कंपनी द्वारा नई पहल करते हुये यह निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस पर कंपनी मुख्यालय में पुरस्कृत होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के अलावा भी अन्य उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन से अधिकाधिक कर्मियों को प्रोत्साहन मिलेगा। सम्मान समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. मेहता एवं श्री डब्लू.आर. वानखेड़े, मुख्य अभियंता श्री संजय पटेल ने भी पुरस्कार प्रदान किया।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुये कर्मियों में कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री योगेश नैय्यर ने कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख कर उनके बारे में संक्षेप में जानकारी दी। अन्त में उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री एच. के. बघेल ने आभार प्रदर्शन का निर्वहन किया।

# श्री बंसत श्रीवास्तव, पॉवर लिफ्टिंग में खेल विभूति से अलंकृत



**हसदेव** ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के कार्यपालन यंत्री सिविल सुधार कार्यालय में कार्यरत श्री बसंत कुमार श्रीवास्तव (पॉवर लिफ्टिंग खेल में सात बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं), को राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ''खेल विभूति सम्मान'' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदान किया।

इस उल्लेखनीय सफलता के साथ ही खेल में अभूतपूर्व योगदान के लिए श्री ओ.सी. कपिला, कार्यपालक निदेशक के हाथों आपको ''लाइफ टाइम अवार्ड'' से सम्मानित किया गया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुये श्री श्रीवास्तव ने 2010 एवं 2012 में जमशेदपुर व कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक जीत कर राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। वे लान टेनिस के न केवल स्वयं अच्छे खिलाड़ी है वरन् वे नवोदित खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण भी देते है। ऐसी सफलताओं से पॉवर कंपनी परिवार भी गौरवान्वित हुआ।

# सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्री नरेश पाण्डेय पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के बिलासपुर क्षेत्र में कार्यरत अनुभाग अधिकारी श्री नरेश कुमार पाण्डेय को सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गणतंत्र दिवस समारोह बिलासपुर में माननीय स्वास्थ एवं नगरीय निकाय मंत्री श्री अमर अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आयुक्त श्री सोनमणि बोरा, कलेक्टर श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने भी श्री पाण्डेय को बधाई दी और सहकारिता के क्षेत्र में सतत् श्रेष्ठता को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

# स्वदेशी मेला में पॉवर कंपनी का प्रभावी प्रदर्शन



**रायपुर** के शंकर नगर बीटीआई ग्राउन्ड में आयोजित स्वदेशी मेला स्थल पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनीज की गतिविधियों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। कंपनी के प्रदर्शनी मण्डप में विद्युत उत्पादन, वितरण एवं पारेषण के क्षेत्र में की जा रही प्रगति तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी होर्डिंग, डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से आमजनता को दी गई। मेले का उद्घाटन मान. मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों से अन्य विशिष्टजनों की उपस्थिति में 23 जनवरी को संपन्न हुआ।



पॉवर कंपनी-ऊर्जा विभाग के मंडप का अवलोकन मान. केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष, श्री गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य विशिष्टजनों ने किया। उन्होंने प्रदर्शनी को जनहित के लिए उपयोगी एवं प्रभावी निरूपित किया। पॉवर कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं के हित में अत्याधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इनका प्रदर्शन करते हुये बताया गया कि उपभोक्ताओं को ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन मिलने लगा है। इस हेतु कंपनी की वेबसाइड ''डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीएसपीडीसीएलडॉट सीओ डॉट इन'' www.cspdcl.co.in के माध्यम से आवेदन करने की जानकारी भी दी गई। पॉवर कंपनी के मंडप में ग्रामीण विद्युतीकरण, एकलबत्ती कनेक्शन, पारेषण लाईन की जानकारी दी गई है। पॉवर वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. खरे एवं कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर.श्रेष्ठ ने आगन्तुकों को विद्युत प्रगति की जानकारी दी।

# पॉवर कंपनी में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला संपन्न

**छत्तीसगढ़** राज्य पॉवर कम्पनी मुख्यालय डंगनिया में तनाव प्रबंधन विषय पर केन्द्रित कार्यशाला का आयोजन 14 जनवरी 15 को किया गया। आज की भागमभाग जिंदगी और अव्यवस्थित जीवनशैली ने जनमन के भीतर विविध किस्म के तनाव को उत्पन्न कर दिया है। इससे बचने के लिये सरल उपायों की प्रभावी प्रस्तुति कास्मिक विजन रिसोर्सेज के श्री संजय राहटे एवं श्री नीतिन सालकर ने दी। उन्होंने बताया कि तनावयुक्त जिंदगी से घिरे हर वर्ग-समुदाय के व्यक्ति के भीतर शारीरिक, मानसिक, सामाजिक विकारों ने घर कर लिया है। यह घर-परिवार, संस्था के साथ साथ राष्ट्र के विकास की दृष्टि से घातक है।



कार्यशाला में पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक (पारेषण) श्री विजय सिंह, प्रबंध निदेशक (उत्पादन) श्री एस.बी. अग्रवाल, प्रबंध निदेशक (होल्डिंग) श्री ए.के. गर्ग ने भी इस विषय पर विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रगति करने के लिए मनुष्य के भीतर पॉजिटिव्ह स्ट्रेस का होना आवश्यक है। यह लक्ष्य अर्जित करने की राह में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सहजता से समाधान निकालने में सहायक होता है।

कार्यशाला में मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राजेश व्यास, महाप्रबंधक (वित्त) श्री वाय.बी. जैन, अति. महाप्रबंधक श्री अजय श्रीवास्तव, पी.के. गिरदोनिया, डॉ. के.एस. छाबड़ा, डॉ. हेमन्त सचदेवा, अनूप सेलट सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता बिजनेस मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के एसोसिएट डायरेक्टर श्री संजय रहाटे ने कहा कि तनाव से मुक्ति पाने के लिये काम को ही आराम मानने की प्रवृत्ति विकसित करनी होगी। इसी तरह हार्डवर्क करने के बजाय



स्मार्ट वर्क को अपनी कार्यशैली में अपनाना चाहिये।

अधिकाधिक अवकाश की चाह किसी भी अधिकारी कर्मचारी की उन्नति के लिए बाधक है, यह भी मानसिक तनाव का एक कारण बन जाता है। इसी क्रम में कार्यशाला के दूसरे वक्ता श्री नीतिन सालकर ने बताया कि तनावग्रस्त व्यक्ति हिस्टीरिया, एसीडीटी, हार्टअटैक, ब्लडप्रेशर जैसी व्याधियों के अलावा आपसी रिश्तों में तनाव से घिर जाता है। इनसे बचने के लिए विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने की कला को सीखना चाहिये। इसके लिए प्रतिदिन महापुरुषों के विचारों का अध्ययन करना अत्यन्त लाभकारी है। कार्यशाला में कास्मिक विजन रिर्सोस के एमडी सुरेश वॉडीचार तथा वाईस प्रेसीडेन्ट श्री अंकुर केडिया ने भी भागीदारी दी।

# पॉवर कंपनी में गायन, वादन प्रतियोगिता संपन्न





**छत्तीसगढ़** राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में अंतरक्षेत्रीय गायन,वादन, काव्य पाठ एवं सुगम संगीत स्पर्धा का आयोजन किया गया। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक द्वय सर्वश्री एम.एस. चौहान, एम.एल. मिश्रा एवं आल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अजय श्रीवास्तव थे। स्पर्धा का आरंभ अतिथियों ने संगीत की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया।

03 एवं 04 फरवरी को आयोजित संगीत एवं काव्य स्पर्धा में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, अंबिकापुर, जगदलपुर, दुर्ग-राजनांदगांव के प्रतिभागियों ने प्रभावी प्रस्तुति देते हुये विद्युत विकास के साथ ही अन्य विधाओं में पारंगत होने का परिचय दिया। रायपुर क्षेत्र की टीम में शामिल कलाकारों ने सर्वाधिक विधाओं में 07 पुरस्कार अर्जित करने का गौरव हासिल किया।

केन्द्रीय कार्यालय रायपुर के श्री अनिल बिडवईकर तथा बिलासपुर क्षेत्र की श्रीमती बानी नंदिनी ने गायन में सर्वाधिक पुरस्कार अर्जित किया। विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर बधाई-शुभकामनायें दी। समापन समारोह में प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल ने कहा कि हमारा संस्थान तकनीकी संस्थान है। इसके बावजूद विद्युत कर्मी छत्तीसगढ़ का नाम न केवल बिजली के मामले में बल्कि खेल एवं कला जगत में भी रौशन कर रहे हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी ऐसे कर्मी भारतीय परंपराओं को नई पीढ़ी के बीच स्थापित करने का कार्य भी करें।

इसी क्रम में ईडी श्री एम.एस. चौहान ने कार्यक्रम को स्तरीय निरूपित कर सभी प्रतिभागियों का हौसला अफजाई किया। स्पर्धा में डॉ. के.एस. छाबड़ा ने गीत-संगीत की कला का प्रदर्शन किया। दो दिवसीय संगीत एवं काव्य स्पर्धा में बानी नंदनी, किरण लता वैद्य, डी. ललिता, अनिल बिडवईकर, रसिक बिहारी, संजय मेरोल को प्रथम स्थान तथा श्रीमती माणिक वर्मा, संध्या श्रीवास्तव, कु. सीता कंवर, शिवनारायण, मधु गढ़ेवाल, मधुसुदन अड्के, प्रमोद बोरवणकर, हरवंश शुक्ला को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

दो दिवसीय स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका सुकन्या इम्रान, वंदना पवार, सत्येन्द्र भारती ने निभाई। प्रमुख संगतकर्ता श्री कमल मुखर्जी, एम.एस.पाल,रूपेश चौहान रहे। स्पर्धा में आभार प्रदर्शन श्री पी.के. खरे ने एवं कार्यक्रम का संचालन श्री विजय मिश्रा एवं योगेश नैयर ने किया।

# रायपुर क्षेत्र मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह



**रायपुर** क्षेत्र मुख्यालय परिसर में ''गणतंत्र दिवस'' पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री जे.एस. नेताम ने ध्वजारोहण किया. उन्होंनें उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। संविधान के नीति निर्देशों का अनुपालन करते हुए विकास की ओर सतत अग्रसर हमने आजादी की शान को बनाये रखा है। भविष्य में भी हम ऐसी गौरवशाली परंपरा बनाये रखें यही कामना है।

श्री नेताम ने गणतंत्र दिवस पर महासमुंद सम्भाग के श्री अश्वनी कुमार तिवारी, श्री मन्नू दास महंत, श्री लक्ष्मण मरकाम भाटापारा सम्भाग, के श्री समीर चौधरी भंवरपुर वितरण केन्द्र के श्री सेत राम साहू, एवं रायपुर के श्री अनिल मैथ्यूस को तथा 148वाँ तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्री चन्द्रशेखर नामदेव को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया।




# क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस समारोह

**क्षेत्रीय** कार्यालय दुर्ग में ''गणतंत्र दिवस'' पर कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने ध्वजारोहण किया। समारोह में उपस्थितजनों को बधाई देते हुये सतत् उन्नति की ओर आगे बढ़ने का आव्हान किया। अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से दुर्ग क्षेत्र की विशिष्ट पहचान बनाने वाले पलारी वितरण केन्द्र, के श्री कुलेश्वर प्रसाद वाईका, पुरूर वितरण केन्द्र के श्री हितेन्द्र कुमार यादव, झलमला वितरण केन्द्र के श्री डिलेन्द्र कुमार देशमुख, श्री बिरेश्वर सिंह ठाकुर दुर्ग के श्री प्रदीप कुमार चन्द्राकर एवं श्री विजय साहू को तथा 147वाँ तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संचा/संधा सम्भाग बालोद के श्री मोरध्वज सोनबरसा को विद्युत कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। समारोह में अधिकारियों/कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी दीनानाथ वर्मा द्वारा किया गया।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में गणतंत्र दिवस समारोह



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा-पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक (उत्पा.) श्री एम.एस. कवंर, ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रस्तुत परेड की सलामी ली एवं निरीक्षण किया एवं उपस्थितजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। आगे उन्होंने कहा कि देश के महापुरुषों के त्याग और परिश्रम से विश्व में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में हमारी पहचान बनी है। समारोह में श्री बी.एन. बिश्वास, अति. मुख्य अभियंता (संचा./संधा.) एवं श्री राजेश वर्मा अधीक्षण यंत्री सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थिति थे। आगे श्री कवंर ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्षिक रख-रखाव के लिये बंद संयंत्र के इकाई क्रमांक दो को निर्धारित समयावधि में संचालित करने सहित वित्तीय वर्ष 2014-15 में इकाई क्र. 1 द्वारा 88.28 प्रतिशत एवं इकाई क्रमांक 2 द्वारा 78.60 प्रतिशत पी.एल.एफ. अब तक अर्जित किया गया संयंत्र का औसत पी.एल.एफ. 83.44 प्रतिशत रहा। हम शून्य दुर्घटना के साथ सफलतापूर्वक संयंत्र संचालन कर रहे है। इसके लिये उप संचालक (संरक्षा एवं स्वास्थ्य) ने भी प्रशंसा की है।

गणतंत्र दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से संलग्न उत्कृष्ट अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उन्होंने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री पी. आर. खुण्टे कल्याण अधिकारी द्वारा एवं अभार प्रदर्शन श्री कुर्ती कुमार अधीक्षण यंत्री (मानव संसा) द्वारा किया गया।

# हसदेव ताप विद्युत गृह में गणतंत्र दिवस



**हसदेव** ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री ओ.सी. कपिला ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों द्वारा प्रस्तुत परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुये संयंत्र द्वारा अर्जित कीर्तिमानों के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पॉवर हाउस क्रमांक एक को वित्तीय वर्ष 2013-14 में सर्वश्रेष्ठ ताप विद्युत गृह होने का गौरव प्राप्त हुआ। यह संयंत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों की उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचायक है। संयंत्र के कोल हस्तांतरण विभाग ने दिसम्बर 2014 में 680800 मीट्रिक टन कोल परिवहन कर सर्वाधिक मासिक कोल परिवहन का कीर्तिमान दर्ज किया। ऐसे ऐतिहासिक मिसाल के लिए अधीक्षण अभियंता श्री एच.एन. कोसरिया को रायपुर मुख्यालय में पुरस्कृत होने का गौरव प्राप्त हुआ।

गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कर्मी सर्वश्री पी.के.गोयल, मनीष कुमार श्रीवास्तव, एन.के. श्रीवास्वतव, आर.के. शास्त्री, टी.पी. चौधरी, ब्रजकिशोर गुप्ता, अर्जुन बघेल सहित अन्य एक, दो व तीन के कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरि. कल्याण अधिकारी श्री पी.के. दवे द्वारा किया गया।

# कोरबा-पश्चिम का अंतरक्षेत्रीय व्हालीबाल खिताब पर कब्जा



**कोरबा-पश्चिम** में अंतरक्षेत्रीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में कोरबा पश्चिम की टीम ने कोरबा पूर्व को पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। कार्यपालक निदेशक श्री ओ.सी. कपिला एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एन.के. बिजोरा ने पुरस्कार प्रदान किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ डिफेन्डर डी.के. कश्यप तथा बेस्ट ऐशमेकर का पुरस्कार धरमवीर राजपूत को दिया गया। प्रतियोगिता में मेजबान कोरबा पश्चिम सहित कोरबा पूर्व, रायपुर सेन्ट्रल आफिस, रायपुर रीजन, बिलासपुर, राजनांदगांव, अम्बिकापुर तथा जगदलपुर की टीमें भाग लीं।

इस अवसर पर श्री कपिला ने कहा कि व्हालीबाल कौशल, दिमाग एवं तेज रफ्तार से खेले जाने वाला खेल है। उन्होने विद्युत कम्पनी के नवनियुक्त कर्मचारियों को खेलों में भागीदारी बढ़ाने का आव्हान किया। इसी क्रम में श्री बिजौरा ने कहा कि अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता से विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों को आपस में खेलने का मौका मिलता है। जिसका प्रत्यक्ष लाभ विद्युत कम्पनी की कार्यप्रणाली को प्राप्त होता है। कार्यक्रम में श्री ए.के. व्यास, श्री एस.एम. गोवर्धन अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं श्री प्रवीण सेलट, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ भी उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में खिलाडियों के प्रदर्शन पर आल इंडिया विद्युत कम्पनी प्रतियोगिता के लिये सर्वश्री डी.एस. राजपूत, डी.के. कश्यप, डी.डी. नायक, आर.पी. लोधी, कृष्णपाल कंवर, डी.एन. राय, एम.एस. ठाकुर, शैलेंद्र पैकरा, गजानन्द नेताम, रवि चन्द्राकर, के.के. वर्मा, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, नीरज वर्मा, साहू तथा नायक का चयन किया गया। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में आदित्य सिंह ठाकुर, मुख्य रेफरी तथा सुमित कुमार एवं सूरज सहयोगी रेफरी ने सराहनीय योगदान दिया। टेबल रेफरी में भीम वर्मा एवं राजेश कुमार लोधी अपना सहयोग प्रदान किये।

# बिलासपुर क्षेत्र में अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा

बिलासपुर क्षेत्र में 10 से 14 जनवरी 15 तक अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रघुराज सिंह स्टेडियम तथा रेल्वे सेकरसा मैदान में संपन्न हुये स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को कार्यपालक निदेशक श्री पी.के.अग्रवाल ने तथा अति.मुख्य अभियंता श्री पी.के. मेश्राम ने पुरस्कृत किया। समारोह में रायपुर के अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. खरे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्पर्धा के मुख्य संयोजक श्री शरद श्रीवास्तव ने



प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अंतरक्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा में कोरबा पूर्व को विजेता और कोरबा पश्चिम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। स्पर्धा के दौरान सभी टीम के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। इनके मध्य सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज श्री ए. पाठक, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज श्री सुधेश्वर देवांगन एवं ऑल राउन्डर का पुरस्कार श्री शैलेष चौधरी को प्रदान किया। अंत में आभार प्रदर्शन कल्याण अधिकारी श्री आर.पी. गुरुदीवान द्वारा किया गया।



# आदर्शिनी महिला मण्डल द्वारा आनंद मेला का सफल आयोजन

राग-रंग, मौज-मस्ती के माह फागुन को साकार करते हुये छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया खेल मैदान में आदर्शिनी महिला मण्डल द्वारा 21 फरवरी को सोल्लास आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला का उद्घाटन प्रबंध निदेशक सर्वश्री एस.बी.अग्रवाल, ए.के. गर्ग, व्ही.के. सिंग, श्रीमती अनिता अग्रवाल, श्रीमती रश्मि गर्ग के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये श्रीमती अनिता अग्रवाल ने आपसी मेलजोल और विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी गतिविधियों के निर्वहन का श्रेष्ठ माध्यम मेला को बताया। इसी क्रम में प्रबंध निदेशक श्री एस.बी. अग्रवाल ने नारी-शक्ति की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पॉवर कंपनी की प्रगति से लेकर सामाजिक उत्थान में आदर्शिनी महिला मण्डल का योगदान बहुमूल्य है।

आदर्शिनी महिला मण्डल की गतिविधियों के संबंध में क्लब अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह ने बताया कि आनंद मेला से प्राप्त आय का सदुपयोग विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों पर किया जाता है। इस बहुद्देशीय आनंद मेला में पधारे श्रीमती अनिता अग्रवाल, श्रीमती रश्मि गर्ग को प्रतीकात्मक भेंट देकर सम्मानित किया गया। मेलास्थल पर विविध खानपान सहित श्रवणबाधित संस्थान कोपलवाणी के स्टॉल लगाये गये थे जहां कि श्री पार्थ एवं श्री अविनाश द्वारा संचालित रोचक खेल एवं हाउजी का मजा आगन्तुकों ने लिया। आदर्शिनी महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंग ने स्वागत भाषण दिया। आभार प्रदर्शन श्रीमती कुमकुम जैन ने किया। मेला में दीपा चौधरी, बीना नंदा, मंजू भंडारी, ममता मिश्रा, सोनिया बघेल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया।


# आदर्शिनी महिला मण्डल के पालनाघर का वार्षिकोत्सव





आदर्शिनी महिला मण्डल द्वारा संचालित आदर्श पालना घर के वार्षिकोत्सव में सुन्दरनगर स्थित कोपलवाणी स्कूल के मूक बधिर बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुये महिला मण्डल की अध्यक्षा श्रीमती किरण सिंह ने स्कूल संचालिका को 2100/- रुपए सहायता राशि भेंट की। इसी तरह महिला मण्डल की सदस्यों के मध्य हल्दी-कुमकुम का उत्सव एवं सलाद सज्जा स्पर्धा का आयोजन भी किया गया जिसमें श्रीमती राधिका सिंह की प्रस्तुति को प्रथम, श्रीमती प्रमिला विल्सन को द्वितीय एवं श्रीमती सविता सचदेवा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

ऐसे आयोजनों के साथ ही साथ समाज-सेवा एवं अन्य कल्याणकारी गतिविधियों में महिला मण्डल के सदस्यों द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी दी जा रही है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुये दुर्ग में श्री अग्रवाल द्वारा संचालित बाल कल्याण आश्रम को दस हजार रुपए का चैक क्लब अध्यक्षा श्रीमती सिंह के करकमलों से प्रदान किया। समय-समय पर समाजसेवी संस्थाओं को सहयोग-दानराशि देने के मामले में महिला मण्डल के पदाधिकारियों सहित सदस्यगण अपनी सक्रियता को प्रदर्शित करते हुये ऐसे पुनीत कार्यों में अग्रसर है।



# बिलासपुर क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह का सोल्लास आयोजन



**बिलासपुर** क्षेत्र के मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री पीके अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थितजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुये ऊर्जा से उन्नति करने का आव्हान किया। बिलासपुर क्षेत्र को उन्नति की ओर सतत अग्रसर करने वाले उत्कृष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों को उन्होंने पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पुरस्कृतजनों में सर्वश्री महेष कुमार प्रधान, श्रीकांत साहू, रोशनलाल वर्मा, सादिक अली, जोतिन्द्र नाथ, प्रणवेश भौमिक सहित लेखा प्रशिक्षण में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले सर्वश्री अभिषेक जेम्स एवं राजेश कुमार यादव के कार्यों को अन्य कर्मियों के लिए उन्होंने प्रेरणादायी निरूपित किया।

समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता टीके मेश्राम, अधीक्षण अभियंता सर्वश्री जी.पी.सोनवानी. व्ही.आर.मौर्या, पीएल सिदार सहित बड़े तादाद में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह का संचालन श्री के.पी.सिंह ने तथा संयोजन कल्याण अधिकारी श्री आरपी गुरूदीवान, श्री सीबीएस राठोर एवं श्री पी.के. बख्शी ने कुशलतापूर्वक किया।

# कोरबा-पश्चिम में ''जीवन की गुणवत्ता'' विषय पर संगोष्ठी




केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के तत्वाधान में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम में ''जीवन की गुणवत्ता'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ श्री ओ.सी.कपिला, कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) की मुख्य आतिथ्य एवं श्री एन.के.बिजोरा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (संचालन/संधारण) के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सेमीनार में श्री के.एस.ठाकुर, शिक्षा अधिकारी, श्रमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर ने जीवन की गुणवत्ता विषय पर व्याख्यान दिया।

श्री ओ. सी. कपिला ने इस अवसर पर कहा कि जीवन में लम्बे समय तक साथ-साथ रहने वाले जीवन साथी का सम्मान करते हुये ही जीवन में गुणवत्ता लाई जा सकती है। इसे बनाये रखने सतत् प्रयासरत रहना ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। इसी क्रम में श्री एन.के.बिजोरा ने कहा कि दाम्पत्य जीवन आपसी सूझबूझ और बेहतर तालमेल से सुखमय बना रहता हैं।

दो दिवसीय संगोष्ठी में श्री ठाकुर ने टाईम मेनेजमेन्ट, आपसी सूझबूझ की कला, जीवन में बेहतर सामान्जस्य इत्यादि विषयों पर चर्चा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्री आर.एस.रात्रे कल्याण अधिकारी, डॉ. इन्दु साहू चिकित्साधिकारी द्वारा भी जीवन में गुणवत्ता लाने टिप्स दिये गये। आभार प्रदर्शन श्री पी.के.दवे,वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में शामिल सर्वश्री जी.सी.रमानी, जार्ज थंकाचन, एस.ए.सईद आदि प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे सफल कार्यक्रम निरूपित किया।

# जगदलपुर में कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सी एण्ड डी** श्रेणी के लाईन कर्मचारियों हेतु राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 6 से 9 जनवरी तथा 13 से 15 जनवरी तक जगदलपुर स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी द्वारा किया गया।

उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है इसलिए उन्हें प्रशिक्षण का अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिये। प्रशिक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता श्री ए.के.ठाकुर, श्री टी.के.ठाकुर, श्री एन.एस.बिष्ठ, श्री विजय कपिल, कल्याण अधिकारी श्री डी.के.डुम्भरे, सहायक अभियंता श्री पी.एम. शर्मा एवं बी.एल.देवांगन ने व्याख्यान दिये। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री भी वितरण के साथ ही साथ 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जगदलपुर का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अभियंता श्री आर. बी.त्रिपाठी के मुख्य अतिथ्य तथा श्री एम.के.सिन्हा, अधीक्षण अभियंता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र व टूल किट्स भी प्रदान किया गया।






# श्रम कल्याण केन्द्र कोरबा पश्चिम में खेल व कला स्पर्धा

श्रम कल्याण केन्द्र कोरबा पश्चिम में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 11 से 16 जनवरी तक आयोजित खेल व कला स्पर्धा के विजयी प्रतियोगियों को कार्यपालक निदेशक श्री ओ.सी. कपिला ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल एवं कला सेहत एवं संस्कृति की दृष्टि से मानव समुदाय के लिए आवश्यक और बहुपयोगी है। श्रम कल्याण समिति द्वारा इस दिशा में किया गया प्रयास सराहनीय है। समारोह के अध्यक्ष अति. मुख्य अभियंता श्री एन.के. बिजोरा ने कहा कि खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मनोरंजन के साथ ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री ए.के. व्यास, अति. मुख्य अभियंता (सिविल) ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिये खेलकूद जरूरी है। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र शर्मा, अधीक्षण यंत्री, श्री गौटलिब, प्राचार्य, बीकन स्कूल श्रीमती गायत्री शर्मा, व श्री गणेश बरेठ मंचस्थ थे।

समारोह के दौरान बीकन स्कूल द्वारा श्रीमती रमादास के निर्देशन में प्रस्तुत सुआ व करमा समूह नृत्य प्रथम, श्री बी.पी.पाटले के निर्देशन में विद्युत गृह पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रस्तुति सरस्वती वंदना नृत्य द्वितीय तथा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नृत्य तृतीय स्थान पर रहा। भजन प्रतियोगिता में जागृति महिला मण्डल कैलाश विहार, राधे कृष्णा भजन मण्डली व जय अम्बे महिला मण्डल कैलाश विहार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में गायिका के रूप में प्रतिभा बरेठ, भारत माता के रूप में अंजली साहू व जवाहर लाल नेहरू के वेश में महेन्द्र सिंह खाती क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री आर.एस.रात्रे तथा आभार प्रदर्शन श्री रविन्द्र साहू व पी.एल. पाण्डेल द्वारा किया गया।



# राजनांदगांव क्षेत्र में अंतरक्षेत्रीय शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन स्पर्धा

राजनांदगांव क्षेत्र में 22 से 24 जनवरी 2015 तक अंतरक्षेत्रीय शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में शक्तितोलन वर्ग/शरीर सौष्ठव वर्ग में ओवर ऑल चैम्पियनशिप रायपुर क्षेत्र ने तथा रनर अप होने का गौरव रायपुर सेन्ट्रल एवं कोरबा पश्चिम की टीम को प्राप्त हुआ।

विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह, छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अजमानी एवं अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके ने बधाई दी तथा विद्युत कंपनी का नाम हर एक क्षेत्र में रौशन करने का आव्हान किया। स्पर्धा में बेस्ट पॉवर लिफ्टर का पुरस्कार श्री एन.के. दीवान एवं बेस्ट बॉडी बिल्डर का पुरस्कार श्री राजेश कुमार नायक को प्राप्त हुआ। समारोह में आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री अशोक उमरे ने तथा संचालन श्री प्रशांत तिवारी ने किया।

**सुविचार**

- रास्ते में अगर मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर, गुरुद्वारे दिखें तो प्रार्थना न करें तो भी चलेगा, पर रास्ते में एंबुलेंस मिले तब किसी की जिंदगी बचाने के लिये प्रार्थना जरूर करें।
- अगर जिंदगी में कुछ पाना है तो, तरीके बदले इरादे नहीं।

# अंबिकापुर में गणतंत्र दिवस समारोह



अंबिकापुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अभियंता श्री एस.के.ठाकुर ने ध्वजारोहण कर देश के बलिदानी सपूतों को नमन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देशभक्तों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर देशभक्ति को सदैव निभाने का आव्हान उपस्थितजनों से किया। गणतंत्र दिवस पर प्रतिवर्षानुसार अंबिकापुर क्षेत्र के उत्कृष्ट कर्मियों सर्वश्री तिलकराम सिदार, भागवत त्रिपाठी, शिवचरण राम, प्रमोद कुमार, अशोक सिदार, अभिषेक बोहिदार, बैजनाथ सहित तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले युवराज पटेल, अभिषेक बोहिदार को पदक, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसी क्रम में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह के विजेताओं को श्री ठाकुर सहित सर्वश्री आर.के. मिंज, आवेदन कुजूर, ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। प्रशासनिक अधिकारी श्री विकास श्रीवास्तव ने उपस्थितजनों के प्रति आभार प्रदर्शन तथा कार्यक्रम का संचालन श्री एम.एच. अंसारी ने किया।

# कोरबा पूर्व में सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में 22 फरवरी 2015 को संघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान संपन्न हुआ। इसमें 05 वर्ष तक के 289 बच्चों को पांच बुथ केन्द्रों में पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। कार्यपालक निदेशक (उत्पा.)श्रीं एम.एस. कवंर ने इस अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. ए.के. वाजपेयी. अति.मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ. सी.पी. जायसवाल, चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा सैंकड़ों बच्चों को सफलतापूर्वक पोलियो ड्राप्स पिलाकर अभियान को सफल बनाया गया।

इस अभियान में डॉ. आर. जगन्नाथ, डॉ. एस.सी. खरे, डॉ. जे.पी.सोनी, डॉ. अनामिका पटेल, श्री पी.आर.खुंटे (कल्याण अधिकारी), श्रीमती करूणा सागर, श्रीमती उषा राजपूत, श्री एच.एल. टंडन, श्री आर.के. श्रीवास्तव, श्री संदिप सोना, श्री परमान्नद, श्री पी. बुसैय्या, श्री प्रवीन मसिह, श्री गेन्दराम, श्री सत्येन्द्र, श्री दषरथ सिदार, श्री पुरन सिंह चौहान, श्री भरत, श्री छोटेलाल राठौर की सक्रिय भागीदारी रही।

**सुविचार**

- जीवन में हर जगह हम "जीत" चाहते हैं, सिर्फ फूल वाले की दुकान ऐसी जगह है, जहां जाकर हम कहते हैं कि हमें "हार चाहिये" क्योंकि हम भगवान से जीत नहीं सकते।
- एक बहुत अच्छी बात जो जिंदगी भर याद रखिये... आपका खुश रहना ही आपका बुरा चाहने वालों के लिए सबसे बड़ी सजा है।

# कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मियों के सर्वांगीण विकास में सहायक



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में शिक्षा अधिकारी, केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा मंडल रायपुर के मार्गदर्शन में विभागीय रूप से 'दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (उत्पा.) श्री एम.एस. कवंर एवं अति. मुख्य अभियंता श्री बी.एन. बिश्वास ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव बांटकर प्रशिक्षण से प्राप्त लाभों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री कवंर ने प्रशिक्षण शिविर को कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया। उन्होंने कार्यो को इस तरह संपादित करने की आवश्यकता बताई, जिससे तनावरहित होकर कर्मचारी आनंदपूर्वक रह सके। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी श्री के.एस. ठाकुर ने प्रशिक्षण की जानकारी देते हुये बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य 'शून्य दुर्घटना व तनावमुक्त औद्योगिक जीवन' है।

कार्यकम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री एम.एस. कवंर द्वारा श्री के.एस. ठाकुर शिक्षा अधिकारी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम कल्याण अधिकारी श्री पी.आर. खुण्टे के संयोजन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में श्री कुर्तीकुमार, अधीक्षण यंत्री (मानव संसाधन), का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# राजनांदगांव क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह

**राजनांदगांव** क्षेत्र के प्रशासनिक भवन में गणतंत्र दिवस पर मुख्य अभियंता श्री प्रहलाद सिंह ने ध्वजारोहण कर उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने राज्य शासन एवं पॉवर कंपनी की रीति-नीति के अनुरूप प्रदेश में विद्युत विकास संग उपभोक्ता सेवा में सतत् गुणवत्ता लाने का आव्हान कर्मचारियों-अधिकारियों से किया। गणतंत्र दिवस पर क्षेत्रीय क्रीड़ा परिषद द्वारा विविध खेल-स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया।

राजनांदगांव क्षेत्र के विद्युत विकास में रत उत्कृष्ट कर्मी सर्वश्री ओमप्रकाश प्रधान, पुनुराम साहू, विरेन्द्र कुमार देवांगन, अरविंद कुमार लडेश्वर, श्रीकांत तिवारी, विजय कुमार गायकवाड़, एस.पी.साहू को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर मुख्य अभियंता श्री सिंह ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कल्याण अधिकारी श्री अशोक पिल्लई एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री रघुनंदन याहके ने किया।



# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चालकों के लिए चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजित



जिला प्रशासन कोरबा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तारतम्य में कोरबा (पूर्व) के मुख्य चिकित्सालय में विभागीय एवं निजी वाहन चालकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग पचास वाहन चालकों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक एम.एस. कंवर के मुख्य आतिथ्य एवं श्री बी.एन. विश्वास अति. मुख्य अभियंता एवं श्री आर.एल. ध्रुव मुख्य संरक्षा अधिकारी के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर श्री कंवर ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की जानकारी होना तथा उनका पालन करना अनिवार्य है। साथ ही साथ प्रत्येक वाहन चालक को मानक के आधार पर स्वस्थ होना भी जरूरी है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सभी को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के प्रति सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. ए.के. बाजपेयी एवं डॉ. एस.के. खरे ने सड़क सुरक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया। शिविर में डॉ. जायसवाल एवं डॉ. सोनी ने वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय परीक्षण किया। कार्यक्रम का संचालन वरि. कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. बारले तथा आभार प्रदर्शन श्री पी.आर. खूंटे कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

# प्रेरणा महिला मंडल द्वारा आनंद मेला आयोजित



छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित, कोरबा पूर्व के प्रेरणा महिला मंडल द्वारा कोरबा पूर्व में मनोरंजन से भरपूर आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आर.के. अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. कंवर डीएसपीएम, श्री एस.एस. टिल्लू मुख्य अभियंता पीआरजी एवं कार्यपालक निदेशक कोरबा पश्चिम श्री ओ.सी.कपिला तथा श्री एस.के.बंजारा मुख्य अभियंता ने आनंद मेला में उपस्थित लोगों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर कोरबा पूर्व के कर्मियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री बी.बी.पी. मोदी के संचालन में ऑर्केस्ट्रा ऑन करोके का आनंद उपस्थितजनों ने लिया। इस अवसर पर प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला कंवर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती निवेदिता बंजारा, श्रीमती नीलिमा टिल्लू सचिव श्रीमती साधना गर्दे सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। मेलास्थल पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सह-सचिव श्री पी.आर. खूंटे एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एस.पी. बारले तथा सीनियर क्लब के सचिव श्री देवेश दुबे ने किया।

# संस्कृति महिला मण्डल बिलासपुर



संस्कृति महिला मण्डल द्वारा कल्याण भवन तिफरा बिलासपुर में नववर्ष एवं मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में हल्दी, कुमकुम-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संरक्षिका श्रीमती सरिता सिंह एवं विशेष सलाहकार श्रीमती रंजना कनकने, अध्यक्षा श्रीमती उषा अग्रवाल ने शुभकामनायें देते हुये भारतीय परम्परा एवं संस्कृति के अनुरूप समाज के कमजोर वर्ग की सहायता के लिए तत्पर रहने का संकल्प सभी सदस्यों को दिलवाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्रीमती सरिता ए. सिंह, कल्पना घाटे, ज्योति भोजक, शोभना डे आदि ने मधुर गीतों-गरबा नृत्यों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान रेणु चौधरी एवं श्रीमती चौहान के मजेदार लतीफे, श्रीमती अर्चना बंछोर एवं श्रीमती कोसले के लकी गेम सहित श्रीमती सविता श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत मकर संक्रान्ति के महत्व की सराहना हुई। लकी गेम की विजेता उषा अग्रवाल, माधुरी कश्यप, सरिता चौहान सहित सदस्यों का हल्दी-कुमकुम से मौसमीधर ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अल्का बोरकर ने किया।

- आजकल अपने गले की ताबीज भी पीठ की साईड में रखता हूं। क्योंकि आजकल दुनिया वाले पीठ पीछे वार करने लगे हैं।
- अपने पैरों पर खड़े होकर मरना, घुटने टेककर जीने से कहीं बेहतर है।

# कोरबा पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह का सोल्लास आयोजन



**कोरबा** पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. कंवर ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों के परेड की सलामी ली। समारोह में उपस्थितजनों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ऊर्जा उद्योग में काफी विकास हुआ है जिसमें कोरबा ताप विद्युत गृह का नाम अग्रणी है।

छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराना एवं प्रतिष्ठित कोरबा ताप विद्युत गृह ने अपने जीवनकाल में अनेक कीर्तिमान गढ़े है। हमारे कर्मियों की उत्कृष्ट कार्यशैली से हम शून्य दुर्घटना तथा पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने में सफल हुये है। समारोह में मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री एस.के. बंजारा एवं डॉ.जी.पी. दुबे वरि. मुख्य रसायनज्ञ ने भी समस्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड का नेतृत्व आर.पी. मिश्रा वरिष्ठ सुरक्षा सैनिक ने किया। इस अवसर पर विद्युत गृह विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। प्रेरणा महिला मंडल के अध्यक्षा श्रीमती शकुन्तला कंवर एवं श्रीमती निवेदिता बंजारा एवं सदस्याओं ने इस अवसर पर विशिष्टजनों के साथ शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़े।


गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोरबा पूर्व के सहायक अभियंता रवि खरे को कंपनी मुख्यालय रायपुर की अनुशंसा पर प्रतीक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया तथा विशिष्ट सेवा हेतु एवार्ड कमेटी कोरबा पूर्व द्वारा अनुशंसित 31 कर्मियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र एवं 10 विभागों के 64 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता श्री एम.एल. केरकेट्टा तथा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री एस.पी.बारले वरिष्ठ कल्याण अधिकारी ने किया।

## पॉवर कंपनी के अंतरक्षेत्रीय शरीर सौष्ठव/ शक्तितोलन में रायपुर टीम पुरस्कृत




छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी अंर्तक्षेत्रीय शरीर सौष्ठव एवं शक्तितोलन में रायपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राजनांदगांव में संपन्न हुये स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों को पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप गर्ग ने बधाई एवं शुभकामनायें दी। रायपुर की टीम में शामिल राजेन्द्र कुमार दुरूगकर को शरीर सौष्ठव स्पर्धा में स्वर्ण पदक, एम.एस.शर्मा को कांस्य पदक तथा शक्तितोलन में श्री एन.के. दीवान को सर्वश्रेष्ठ शक्तितोलक से अंलकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ है। शक्तितोलन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये सेमसन लाबान ने स्वर्ण पदक, श्री लखपति सिंदूर ने रजत पदक, श्री दुरूगकर ने कांस्य पदक प्राप्त कर रायपुर टीम को गौरवान्वित किया। कंपनी मुख्यालय में विजयी खिलाड़ियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के कार्यालय सचिव डॉ. हेमंत सचदेवा ने भी बधाई दी।

## कोरबा पूर्व की झांकी पुरस्कृत





जिला प्रशासन कोरबा द्वारा प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम कोरबा में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में कोरबा ताप विद्युत गृह एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के द्वारा संयुक्त रूप से झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी में स्वच्छ भारत निर्माण की थीम पर डीएसपीएम ताप विद्युत गृह के विहंगम दृश्य को प्रदर्शित किया गया था। इस झांकी को सर्वश्रेष्ठ द्वितीय झांकी का पुरूस्कार समारोह के मुख्य अतिथि, मान. सांसद कोरबा लोकसभा, श्री बंशीलाल महतो ने प्रदान किया। झांकी का निर्माण कार्यपालक निदेशक श्री एम.एस. कंवर के मार्गदर्शन में श्री एस.सी. चक्रवर्ती कार्यपालन अभियंता टेस्टिंग के निर्देशन में सहायक अभियंता श्री मन्नू लाल शर्मा एवं श्री एस. सोनी तथा टेस्टिंग विभाग, डीएसपीएम ता.वि.गृह के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अथक प्रयास से किया है। इस उपलब्धि के लिए श्री कंवर सहित श्री एम.के.चौधरी ने पूरे टीम को शुभकामनाएं दी।



## कुष्ठ आश्रम की स्वच्छता में संस्कृति महिला मण्डल का योगदान

संस्कृति महिला मण्डल के सदस्यों ने बिलासपुर स्थित कुष्ठ आश्रम जाकर सेवा भावना को उजागर करते हुये चादर, फल, मिठाइयां वितरित कर पीड़ितजनों को होली पर शुभकामना दी। अध्यक्षा श्रीमती उषा अग्रवाल सहित सदस्यों ने वहां स्वच्छता एवं रोग रहित जीवन के लिए सदैव सहयोग देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती सविता श्रीवास्तव, सचिव श्रीमती ज्योति भोजक, सहसचिव श्रीमती शोभना डे, श्रीमती रेणु वर्मा एवं श्रीमती रिचा कोसले ने सक्रिय भागीदारी दी।

# जब रमन ने ठुकराए युवक को फिर चुना



**प्रख्यात** वैज्ञानिक व नोबेल पुरस्कार से सम्मानित भौतिकशास्त्री सर सीवी रमन को अपने विभाग के लिए योग्य वैज्ञानिक की आवश्यकता थी। उन्होंने अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित करवाया, जिसे पढ़कर उनके पास कई आवेदन आए। रमन ने उनमें से कुछ का चयन किया और उन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया। इनमें एक नवयुवक भी था, जिसे रमन ने अस्वीकार कर दिया। थोड़ी देर बाद जब साक्षात्कार समाप्त हो गया तो रमन ने गौर किया कि वह नवयुवक अब भी उनके कार्यालय के आस-पास घूम रहा है। वे तत्काल उसके पास पहुंचे और नाराजगी जताते हुए बोले, 'जब मैंने तुम्हें अस्वीकार कर दिया है तब तुम यहां क्यों घूम रहे हो? यहां तुम्हें नौकरी नहीं मिलने वाली। जाओ, घर चले जाओ।' तब उस युवक ने विनम्रता से कहा 'सर, आप नाराज न हों। मुझे यहां आने-जाने का किराया भूल से कुछ अधिक दे दिया गया है, इसलिए मैं अतिरिक्त राशि लौटाने के लिए कार्यालय के लिपिक को खोज रहा हूं।' सर रमन उसकी बात सुनकर विस्मित हुए। फिर कुछ सोचकर बोले मैंने तुम्हारा चयन कर लिया है, तुम चरित्रवान हो। भौतिकी के ज्ञान में तुम कुछ कमजोर हो, जिसे मैं तुम्हें पढ़ाकर दूर कर सकता हूं, किंतु चरित्रवान व्यक्ति पाना कठिन है। वस्तुतः सर्वोच्च पात्रता तो ईमानदारी होती है, जो कर्मनिष्ठा व समर्पण को जन्म देती है। ज्ञान की कमी को अध्ययन से दूर किया जा सकता है किंतु चारित्रिक दुर्बलता संस्थान को हर प्रकार से हानि पहुंचाती है।




# अंबिकापुर में अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा

अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा का आयोजन अंबिकापुर में 19 से 21 फरवरी 15 तक किया गया। स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र की टीम को विजेता एवं कोरबा पूर्व को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ।





विजयी प्रतियोगियों को मुख्य अभियंता श्री एस.के. ठाकुर ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा शरीर को निरोगी बनाये हुये खेल हमारे जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। कार्य के साथ ही खेल मैदान पर विद्युतकर्मियों का बेहतर प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। समारोह में अति. मुख्य अभियंता श्री आर.के. मिंज, आवेदन कुजूर, केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। स्पर्धा के आरंभ में अंबिकापुर क्षेत्र के मैनेजर श्री अनिल त्रिपाठी ने खिलाडियों को शपथ दिलाई। स्पर्धा में महिला-पुरुष एकल-युगल में श्री रजनीश ओबेराय, कु.दिव्या आमदे, श्रीराम सांवले, नमिता जैन को विजेता तथा अशोक महेन्द्र, पी.वी.रामन, नमिता जैन, श्रीमती अर्चन जोशी, श्रीमती शोभा महेन्द्रू को उपविजेता हो का गौरव प्राप्त हुआ। समूचे स्पर्धा के निष्प संचालन में अंबिकापुर टेबिल टेनिस संघ सर्वश्री राजेश सिंह, नावेद खान, पावनीत सि गिल, आकर्ष मिश्रा एवं सतेन्द्र सिंह की सक्रि भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन श्री यते गुप्ता एवं संयोजन कल्याण अधिकारी राजेश कुमार द्वारा किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर ऊर्जा विभाग की झांकी की प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी एवं छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस 2015 के अवसर पर चलित झांकी की प्रस्तुति पुलिस परेड ग्राउन्ड रायपुर में दी गई। झांकी में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, एकीकृत विद्युत विकास योजना, पम्प ऊर्जीकरण, ग्रामीण एवं शहरी विद्युत अधोसंरचना के विकास को प्रदर्शित किया गया। सूचना प्रोद्योगिकी के माध्यम से उपभोक्ताओं की सेवा सुविधा में हुई अभूतपूर्व प्रगति को दर्शाने केन्द्रीकृत कॉल सेंटर, विद्युत शिकायत का त्वरित निराकरण करने हेतु टोल फ्री नंबर 1912, ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन का समावेश भी झांकी में किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा गैर पारंपरिक तरीके से (सोलर ऊर्जा) बिजली पहुंचाने, सिंचाई एवं पेयजल उपलब्ध कराने, रूफ टॉप सोलर प्लांट से विद्यत उत्पादन को भी झांकी में प्रदर्शित किया गया। प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण के क्षेत्र में हो रही उन्नति का चित्रांकन भी किया गया।




# गणतंत्र दिवस पर नृत्य, गीत की मनमोहक प्रस्तुति



पॉवर कंपनी मुख्यालय के खेल मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के बैनर तले मनमोहक नृत्य गीतों की प्रस्तुति दी गई। श्री कमल मुखर्जी द्वारा लिखित एवं निर्देशित देशभक्ति गीतों को श्रीमती ईरा पंत, डी.ललिता, किरण लता वैद्य, हेमलता तिवारी पाठक, सर्वश्री डी.आर. यादव, श्रीधर अययर, ने आवाज दी। इस दौरान श्री शिवनारायण, श्री एमएल पॉल, श्री मनोहर बनवारी ने बांसुरी, हारमोनियम एवं गिटार पर संगत किया। कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुये उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

हम सब मिलके लगातार करते रहते हैं काम  
जगमग करता, देश हमारा, होता ऊर्जावान  
हम सब मिलके...  
चाहे सर्दी हो या धूप, वर्षा हो या गिरती गाज  
नहीं रूकते श्रमवीर हमारे, औजारों से करते राज  
तन मन धन से करते रहते देश का हम निर्माण  
जगमग करता देश हमारा, होता ऊर्जावान  
हम सब मिलके...  
छत्तीसगढ़ की माटी में है छुपा हुआ एक उन्नत कल  
ऊर्जा के दोहन से होता, आने वाला कल उज्ज्वल  
हमने जाना, हमने माना, हमने किया ये प्रयास  
करते रहे विकसित भारत को, जिसमें हमारा वास  
हम सब मिलके...

**श्री कमल मुखर्जी**  
कार्या.सहा.श्रेणी-2  
कार्या. कार्यपालन अभियंता  
क्षेत्रीय भण्डार रायपुर

# प्रदेश में ऑन लाईन कनेक्शन ले सकेंगे उपभोक्ता

प्रदेश में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुये इसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने नये विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। नये टेक्नालाजी के बढ़ते दौर में घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन नये विद्युत कनेक्शन वितरण कंपनी द्वारा दिया जा रहा है। प्रदेश इतिहास में पहली बार आरंभ हुई यह सुविधा अब समूचे प्रदेश के गांव-शहरवासी ले सकते हैं। इस सुविधा के आरंभ हो जाने से मैनुअल कनेक्शन लेने में होने वाली कठिनाईयों का अंत हो जायेगा। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध सिंह ने बताया कि इससे कार्य में पारदर्शिता के साथ ही उपभोक्ताओं को आसानी से बिजली कनेक्शन मिलने लगे हैं। ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन लेने के लिए घरेलू उपभोक्तों को कंपनी की वेबसाइड ''डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीएसपीडीसीएल डॉट सीओ डॉट इन'' www. cspdcl.co.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। घरेलू उपभोक्ताओं को नवीन विद्युत कनेक्शन लेने के लिए कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में आवश्यक जानकारी दस्तावेजों के साथ अपलोड करना होगा। उपभोक्ताओं द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किये गये दस्तावेजों एवं जानकारियों को संबंधित क्षेत्रीय बिजली कार्यालय द्वारा सत्यापित किया जायेगा। जांच उपरांत सही दस्तावेजों के आधार पर त्वरित विद्युत कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे। ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन दिये जाने से प्रदेशभर के उपभोक्ताओं के समय, श्रम और अर्थ बचत होने लगी है, क्योंकि मैनुअल आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को अनेक परेशानियों का सामना करना होता है। ऑन लाईन होने पर उपभोक्ताओं को अपने आवेदन पत्रों की वास्तविक स्थिति की जानकारी सहजता से उपलब्ध होगी। ऑन लाईन आवेदन के लिए उपभोक्ताओं को वितरण कंपनी की वेबसाइट में जाकर ईमेल एवं मोबाईल नंबर लिखना होगा। इससे नये कनेक्शन संबंधी आवेदन रजिस्टर्ड हो जायेगा और आवेदनकर्ता को एक यूजर्स आईडी मिलेगा जिसमें आवेदन की तारीख और समय का उल्लेख होगा। आवेदक को बार बार दफ्तर के चक्कर काटने की परेशानी से राहत मिलेगी। यूजर्स आईडी आवेदन संबंधी कार्यवाही की पूरी जानकारी आवेदक को दी जाती रहेगी।

# विद्युत संबंधी कार्यों हेतु प्रदेश के 2600 सेंटर पाईंट अधिकृत

## ग्रामीणजन ले सकेंगे ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन सुविधा का लाभ : श्री सुबोध सिंह


छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों के लिए नये विद्युत कनेक्शन प्रदान करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर पाईंट को अधिकृत किया है। उक्त जानकारी देते हुये वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश के रहवासियों को ऑन लाईन नये विद्युत कनेक्शन, बिल भुगतान, विद्युत संबंधी शिकायतें दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से विद्युत बिलों का भुगतान, नवीन विद्युत कनेक्शन, नाम परिवर्तन, विद्युत भार परिवर्तन हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वर्तमान में पूरे प्रदेश में 2600 कॉमन सर्विस सेंटर पाईंट कार्यरत हैं। आगे श्री सिंह ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर पाईंट में जाकर ऑन लाईन नये विद्युत कनेक्शन लेने विषयक आवेदन दे सकेंगे, वहाँ दर्ज आवेदन सीधे संबंधित जोन कार्यालय तथा वितरण केन्द्रों में स्थानांतरित हो जायेंगे और त्वरित कार्यवाही की जायेगी। इस तरह आमजनों को समय, श्रम और आर्थिक दृष्टि से अवश्य लाभ होगा।

ऑन लाईन विद्युत कनेक्शन लेने के लिए रहवासियों को कंपनी की वेबसाइड ''डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीएसपीडीसीएल डॉट सीओ डॉट इन www.cspdcl.co.in पद के माध्यम से आवेदन करना होगा। इस हेतु कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में आवश्यक जानकारी दस्तावेजों के साथ अपलोड करना होगा। उपभोक्ताओं द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किये गये दस्तावेजों एवं जानकारियों को संबंधित क्षेत्रीय बिजली कार्यालय द्वारा सत्यापित किया जायेगा। जांच उपरांत सही दस्तावेजों के आधार पर त्वरित विद्युत कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे। उपभोक्ताओं के हित में वितरण कंपनी द्वारा अधिकाधिक आईटी प्रोद्योगिकी का उपयोग करने की पहल की गई है। उपभोक्ताओं के द्वारा अपना मोबाईल नंबर रजिस्टर्ड करने के पश्चात उपभोक्ताओं को घर बैठे मोबाईल पर एम.एम.एस. के माध्यम से विद्युत बिल संबंधी, भुगतान संबंधी, विद्युत अवरोध संबंधी जानकारी मिल सकेगी। एस.एम.एस. के जरिये विद्युत सेवा का लाभ लेने के लिए उपभोक्तागण अपने मोबाईल नंबर से 7879880880 प अपने मोबाईल नंबर से मिस्ड कॉल करके अपना मोबाईल नंबर का रजिस्टेशन करा सकते हैं।

# पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आयोजन




छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मुख्यालय में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह 2015 का शुभारम्भ 20 जनवरी को डंगनिया स्थित क्रीड़ा भवन में हुआ। 20 से 25 जनवरी तक आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धा में कंपनी मुख्यालय एवं रायपुर शहर स्थित विभिन्न कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुये। शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक(होल्डिंग) श्री अनूप गर्ग ने उपस्थित खिलाड़ियों को नये वर्ष की बधाई और शुभकामनायें देते हुये खेल मैदान को आपसी मेलजोल और मधुर संबंधों में प्रगाढ़ता का उमंदा माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल मनोरंजन अपितु शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। समारोह में परिषद के महासचिव श्री एस.एन. चौहान, आल इंडिया स्पोर्टस कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं अतिरिक्त महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्री अजय श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कंपनी के केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव (खेल) श्री पी.के. खरे ने बताया कि खेल सप्ताह के अन्तर्गत महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिये टेबिल टेनिस, कैरम, व्हालीवॉल, शतरंज, ब्रिज, टेनिस बाल थ्रो, क्रिकेट के स्पर्धा प्रस्तावित है। मंचासीन अतिथियों का स्वागत अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. खरे, डॉ. हेमंत सचदेवा, विमल मिश्रा, अरूण देवांगन, ईरा पंत, किरण लता वैद्य ने किया। समारोह का संचालन उपमहाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने किया। खेल सप्ताह के अंतर्गत संपन्न हुये खेल स्पर्धा के विजयी खिलाड़ियों को गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया गया।




## अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

26 जनवरी 2015 गणतंत्र दिवस के अवसर पर हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की महिला क्लब द्वारा मनभावन रंगोली बनाई गई। महिला क्लब की श्रीमती अर्चना ढोमणे द्वारा निर्मित रंगोली में श्रीमती माधुरी बड़गुजर एवं श्रीमती मालती जोशी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



# छाया की माया

प्रकृति के जब अस्तित्व में आया
विशिष्ठ आकृति की पायी काया।
जीवन भर थामा तेरा हाथ
कभी न छूटा तेरा साथ।
बचपन का संभल कर चलना
यौवन का हो अंगड़ाई भरना।
मादकता में झूमा लड़खड़ाया
पल भर भी तुझे दूर न पाया।
सुख-दुःख में भी न विचलित होती
सखा बन कर हरदम साथ निभाती।
सुबह हो दोपहर हो या हो शाम
रात्रि में भी न तुझे आराम।
करवटें बदलने पर भी न करे प्रतिकार
सुबह उठने का करती रहती इंतजार।
दुनिया के ढंग में बदल जावे रंग
चिलचिलाती धूप में भी न छोड़ी संग।
भूखा रहूं या भरपेट खाया
हरदम तुझे अपने पास ही पाया।
पहाड़ पर हो चढ़ना
या फिसल कर गिरना।
उठ कर जब मैं हुआ खड़ा
निकट में ही तू रहा अड़ा।
दौड़ कर तेज तुझे किया परेशान
पीछे मुड़कर देखा तो रहा हैरान।
कौन हो तुम या क्या हो मेरी
किसी जनम की सखा हो मेरी।
चिपकी रहती मुझसे सदा
इतनी क्यों हो मुझ पर फिदा।
प्राण गये पर तू न उखड़ी
चिता जलते तक रही सुबकती।
छाया तेरी ऐसी माया
आजीवन तुझे समझ न पाया।
जीवन भर तूने साथ निभाया
तेरा यह साथ बहुत ही भाया।



वामन राव वानखेड़े
मुख्य अभियंता
(भा.प्रे.) छ.रा.वि. पारेषण कं. मर्या. रायपुर

## श्री अजय काले द्वारा 50वीं बार रक्तदान




मानव शरीर को सकुशल बनाये रखने के लिए समुचित मात्रा में रक्त होने की नितांत आवश्यकता होती है। रक्त की उत्पति का एकमात्र स्रोत मानव शरीर ही है। यही वजह है कि जरूरतमंद व्यक्ति के रक्त की आपूर्ति किसी अन्य व्यक्ति द्वारा किये गये रक्तदान से की जाती है। इसीलिये रक्तदान को महादान की भी संज्ञा दी गई है। रक्तदान करने के मामले में एक उत्कृष्ट मिसाल का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधीक्षण अभियंता (रायपुर वृत्त) के कार्यालय में कार्यरत श्री अजय काले ने किया। 14 फरवरी 15 को इन्होंने अपने जीवन में 50वीं बार रक्तदान किया। पिछले 25 वर्षो से वे महाराष्ट्र मंडल संस्था के माध्यम से निःशक्त बालिकाओं के उत्थान, शिक्षा-संस्कार का ज्ञान, नेत्रदान की महत्ता का प्रचार-प्रसार आदि सामाजिक कार्यों में संलग्न है। इसके अलावा व्हील चेयर, हास्पिटल बेड, एयर-वॉटर बेड, आक्सीजन सिलेण्डर, आदि इक्यूपमेंट की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसे अनेक इक्यूपमेन्ट बहुत से घरों में अनुपयोगी पड़े होते हैं। ऐसे इक्यूपमेन्ट संस्था में दान कर दे तो जरूरतमंदों के लिए यथासमय उपयोग किया जा सकता हैं।

# बुजुर्गों की अहमियत

जिन परिवारों में अधिक आयु के बुजुर्गों की बहुतायत होती है, पुरातनकाल से ऐसे परिवारों को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। भारत देश की यही संस्कृति तो उसे विश्व में उच्चासीन स्थान रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। वृद्धों के प्रति प्रत्येक भारतीयों के दिल में विषेष स्थान दिलाने वाली भावना ही अन्य देशों से हमारी संस्कृति को उत्कृष्ट श्रेणी में खड़ा करता है। शायद यही कारण है कि पूर्वी देशों में भारतीय संस्कृति-परम्परा का सम्मान किया जाता है एवं अनुकरण के लिए प्रयासरत है।

विचार



वर्तमान परिवेश एवं युवाओं का रहन-सहन भारतीय संस्कृति के सम्मान के सामने प्रश्नचिन्ह पैदा करता नजर आ रहा है। रेडियो में वृद्धाश्रम के निर्माण पर जोर देने के लिए आकृष्ट किया जाने वाला विज्ञापन सुनने को मिला। आश्चर्य हुआ, संदेश दे रहा था - ''आजकल के दौड़-भाग वाले परिवेश में बजुर्गों को साथ रखना युवाओं के लिए कठिन महसूस हो रहा है, ऐसे में बुजुर्गों के लिए अच्छे वृद्धाश्रम की जरूरत है।'' ऐसे विज्ञापन सुनकर मुझे आत्मग्लानि महसूस हुई। मैंने पढ़ा था कि पूर्वी देशों में अधिक आयु हो जाने पर, क्रियाशील न होने पर वृद्धों को आश्रम में रखा जाता है एवं उनके बच्चे आश्रम के खर्चों का वहन करते हैं। ऐसे मार्ग का अनुसरण क्या भारतीयों को अपनी संस्कृति बचाये रखने में हितकर साबित होगा?

पश्चिमी देशों में जहां भारतीय संस्कृति को सम्मान से आत्मसात् किया जा रहा है, वहीं जरूरत इस बात की है कि हम आपनी मानववादी सभ्यता/संस्कृति को न त्यागें। भौतिकवादी सुखों पर लाखों खर्च करने की जगह उनमें से कुछ हिस्सा अपने माता-पिता, दादा-दादी के लिए सुविधाओं पर खर्च करके तो देखिए। शायद ऐसी आत्मिक सुख-शांति की अनुभूति होगी जिनकी आप अपेक्षा करते है और वो इन भौतिक वस्तुओं से मिल ही नहीं सकती।

जिस तरह एक कर्मचारी या अधिकारी उम्र के साथ अनुभव के आधार पर उच्च पदों पर आसीन होता है, उस सम्मान के लिए वह हकदार भी होता है। इसी तरह, भारतीय संस्कृति के अनुसार बुजुर्ग भी सम्मान के हकदार है, क्योंकि वो ही बरगद सादृश्य है जो सुख-दुख के अनुभव में तपकर, उबड़-खाबड़ रास्तों को पार कर समाज में स्थापित हुए हैं, जिन्होंने हमारी स्वास्थ्य-शिक्षा के लिये अपना पूरा जीवन झोंक दिया है।



ऐसा महसूस होता है मनुष्य मानों अब एक मशीन की तरह हो गया है जिसे निश्चित कार्यशैली के लिए प्रोग्रामिंग कर दिया गया है एवं उस प्रोग्राम में भावना, मानवता का पुट ही नहीं डाला गया है। सवाल यह नहीं हैं कि बच्चे पढ़ाई करने विदेश न जाएं, बड़े शहरों में आशियाना न बनायें, कार्यालयों में समय न दें। उन्नति के सारे प्रयास मां-बाप अपने बच्चे के लिए ही तो करता है परन्तु ऐसी व्यवस्था जो पढ़ाई के बाद, अपनों को अपनों से दूर कर दे, स्वार्थी बना दे, मां-बाप का योगदान नकारा साबित कर दे, किस तरह की उन्नति का ढोल पीटते हैं। यही कारण है कि आज इन कर्मठ माता-पिता की जिंदगी वृद्धावस्था में सूने के साये में पल रही है। सारी सुविधा होने के बावजूद नौकरों के सहारे जीवन काट रहे हैं। कमी रह गई है सिर्फअपनों के साथ की, स्नेह की, अपनापन की।

वृद्धावस्था में कीमती सामान की आवश्यकता तो होती नहीं, बस कुछ जरूरत होती है मृदुभाषा और अपने विचारों में नरमाहट लाने की। दूसरे पहलू पर बुजुर्गों को भी समझने की जरूरत है कि व्यस्ततम जीवन में वे बच्चे की छोटी-छोटी गतिविधियों पर आक्षेप-पराक्षेप करने से बचें। कार्यालय से वापस आने पर प्यार से पूछे, बेटा दिन आज अच्छा तो गया। बेटे-बहू की खुशी में खुशी और समस्या में समाधान की दीवार के रूप में रक्षक बनने का प्रयास करें।

पूर्वी राष्ट्रों में वर्षों से मशीनीय गतिविधि होने से रिश्तों की अहमियत शून्यता की ओर भटक रही है इसी कारण 18 मई को ''विसिट यूवर रिलेटिव डे'' मनाने की परम्परा शुरू हुई ताकि वर्ष में कम से कम एक दिन रिश्तेदारों से भेंट-मिलाप-तोहफे के माध्यम से आत्मीयता के चिराग को ज्वलंत बचाये रखा जा सके। भारतीय संस्कृति में मेल-मिलाप के लिए त्योहारों की कमी तो नहीं है। फिर भी परिवार के दो ध्रुवों के बीच संतुलन में कमी परिवर्तित संस्कृति पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। बुजुर्गों के सम्मान को परम्परा अनुकूल यथावत् बनाये रखने के लिए युवाओं में अंतः मनन की आवश्यकता है जिससे परिवार के सभी सदस्यों में सौहार्द्रपूर्ण संबंध बना रहे।

**संतोष कुमार शर्मा**
अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त)
छ.रा.वि.उत्पा.कं., रायपुर




**CHHATTISGARH STATE POWER HOLDING COMPANY LTD.**
(A GOVERNMENT OF C.G. UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) CIN No. U65993CT2008SGC020995
O/o DY. GENERAL MANAGER (HR-S), RAIPUR (C.G.)

**ORDER**

No. 01-03/HRA/703 Raipur, Dated : 13.03.2015

Consequent to inclusion of Sarona Gram Panchayat in the limits / boundaries of Municipalities / Municipal Corporation, as a part of Raipur Nagar Palik Nigam Zone no. 8, it has been decided that the employees posted at Sarona shall be allowed to draw HRA @ 20% per month instead of 10% as at present.

The above increase in the rate of H.R.A. shall be effective from the date of issue of this order.

Sd/-
**EXECUTIVE DIRECTOR (HR)**
**CSPHCL : RAIPUR**
Raipur, Dated : 13.03.2015

No. 01-03/HRA/704
Copy to : All concerned.



# ।। कुर्यात सदा मंगलम् ।।



मधुलिका संग कौस्तुभ

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग-वितरण कंपनी में कार्यपालक निदेशक पद पर पदस्थ श्री शारदा सिंह की सुपुत्री सौ.कां. मधुलिका का शुभ विवाह भिलाई निवासी श्री सुधीर जोशी के सुपुत्र चि. कौस्तुभ के साथ 24 जनवरी 2015 को बिलासपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...




अपूर्वा संग आकाश

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के हसदेव ताप विद्युत गृह, कोरबा पश्चिम के कार्यालय अधीक्षण यंत्री (विद्युत परीक्षण एवं उपकरण)-एक विभाग में पदस्थ संयंत्र सहायक श्रेणी-एक, श्री बी.आर.गायकवाड़ की सुपुत्री सौ.का. अपूर्वा का शुभ विवाह भिलाई निवासी श्री दत्तात्रेय शिन्दे के सुपुत्र चि. आकाश के साथ 8 फरवरी, 2015 को कोरबा पश्चिम में संपन्न हुआ। बधाई...



आस्था संग अंशुमन

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यालय उपमहाप्रबंधक (मा. सं.-सचिवालय) में कार्यरत श्री महेन्द्र तिवारी की सुपुत्री डॉ. आस्था का शुभ विवाह शहडोल निवारी श्री अवधेश कुमार मिश्रा के सुपुत्र डॉ. अंशुमन के साथ 15 फरवरी 2015 को टाटीबंध, रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...



रोहिना संग राहुल

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी, प्रशिक्षण संस्थान कोरबा पूर्व में पदस्थ श्री के. के. कथूरिया, कार्यपालन अभियंता (प्रशिक्षण) की सुपुत्री सौ.का. रोहिना का शुभ विवाह ग्वालियर मध्यप्रदेश निवासी श्री सुन्दर लाल नवानी के सुपुत्र चि. राहुल के साथ दिनांक 15 फरवरी 2015 को ग्वालियर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। बधाई...



मनीष संग सिम्मी

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर वितरण कंपनी के कार्यालय वरिष्ठ लेखाधिकारी-दो, गुढ़ियारी में कार्यरत श्री नन्देश्वर प्रसाद दुबे के सुपुत्र चि. मनीष का शुभ विवाह तेन्दुआ (रायपुर) निवासी श्री भोलानाथ दुबे की सुपुत्री सौ.कां. सिम्मी के साथ 30 जनवरी 2015 को रायपुर में सानंद संपन्न हुआ। बधाई...

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक, मुद्रण / प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है. - मुद्रक

# गणतंत्र दिवस 2015 के समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत अधिकारी-कर्मचारीगण

"खुशी के लिए काम करेंगे तो खुशी नहीं मिलेगी,
लेकिन खुश होकर काम करेंगे तो खुशी और सफलता दोनों मिलेगी..."




छायाकार : संजय दुबे

मयंक ऑफसेट प्रिंटर्स ककलीपारा, रायपुर • 98271-76089, 97527-11101

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत होल्डिंग कंपनी मर्या. डंगनिया, रायपुर, फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702, website - www.cseb.gov.in